**2RSP3/I/2023**

**SET B**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.
292398

# पेपर I
# PAPER I

अनुक्रमां[redacted]
Roll N[redacted]

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 32 | कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय/Time : 2 घण्टे/Hours | पूर्णांक/Total Marks : 200

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं – हिन्दी व अंग्रेज़ी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या 100 है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
6. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें ।
7. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्य कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work in the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.

1. साइबर सुरक्षा में एक फायरवॉल का क्या उद्देश्य है ?

(A) एक नेटवर्क को अबाधित पहुँच की अनुमति देना

(B) एक नेटवर्क की अनाधिकृत पहुँच को अवरुद्ध करना

(C) एक नेटवर्क के डाटा का बैकअप तैयार करना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. फ्लिपकार्ट, अलीबाबा, एमाज़ॉन किसके उदाहरण हैं ?

(A) सी 2 बी

(B) सी 2 सी

(C) बी 2 सी

(D) बी 2 बी

3. निम्नलिखित में से कौन-सा साइबर हमले का एक प्रकार है जिसमें उपयोगकर्ता को संवेदनशील सूचना को ज़ाहिर करने के लिए छल करना शामिल है ?

(A) फिशिंग हमला

(B) SQL इंजेक्शन हमला

(C) DOS हमला

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से कौन-सा एक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल *नहीं* है ?

(A) MP Tenders (एमपी टेन्डर्स)

(B) GeM (जेम)

(C) MP Online (एमपी ऑनलाइन)

(D) MP LUN (एमपी एलयूएन)

5. ई-कॉमर्स का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ है ?

(A) 24/7 कार्य करने की क्षमता

(B) सीमित पहुँच

(C) खरीददारी के अनुभव को व्यक्तिपरक करने की अक्षमता

(D) ऊँची परिचालन लागतें

6. निम्नलिखित में से कौन-सा इंटरनेट कनेक्शन का एक प्रकार है जो टेलीफोन लाइनों का प्रयोग करता है ?

(A) डी एस एल

(B) केबल

(C) फाइबर ऑप्टिक्स

(D) सेटेलाइट

7. __________ वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा रिसीवर संदेश के स्रोत के द्वारा प्रयोग किए गए संकेतों की व्याख्या करता है ।

(A) सूचीकरण

(B) विसंकेतन

(C) संकेतीकरण

(D) ध्यान से सुनना

8. दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन-से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था ?

(A) निर्वात नलियाँ (वेक्यूम ट्यूब)

(B) वी एल एस आई

(C) ट्रांज़िस्टर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. निम्नलिखित में से कौन-सा वेब ब्राउज़र *नहीं* है ?

(A) इंटरनेट एक्सप्लोरर

(B) मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स

(C) गूगल क्रोम

(D) याहू

10. ChatGPT का विकास किसके द्वारा किया गया ?

(A) गूगल

(B) ओपन ए आई

(C) एप्पल

(D) माइक्रोसॉफ्ट

11. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित *नहीं* है ?

(A) आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान – नैनीताल

(B) रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय – सिकंदराबाद

(C) केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान – मुम्बई

(D) भारतीय विज्ञान संस्थान – बेंगलुरू

12. निम्नलिखित में से किसको विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र का पद्म विभूषण – 2023 प्रदान किया गया ?

(A) श्री एस.एम. कृष्णा

(B) श्री दिलीप महालनाबिस

(C) श्री श्रीनिवास वर्धन

(D) श्री नरिन्दर सिंह कपानी

13. निम्नलिखित में से कौन-सी खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक – 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल रहीं ?

(A) सुशीला चानू

(B) मोनिका

(C) वन्दना कटारिया

(D) उपर्युक्त सभी

14. एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (ए के एफ आई) का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?

(A) भोपाल

(B) ग्वालियर

(C) जयपुर

(D) दिल्ली

15. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार – 2022 किस खिलाड़ी को प्रदान किया गया ?

(A) मनिका बत्रा

(B) कमलेश मेहता

(C) साथियान ज्ञानसेकरन

(D) शरत कमल

16. भारत ने अपना पहला एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच किस देश के साथ और किस वर्ष में खेला था ?

(A) ऑस्ट्रेलिया – 1977

(B) इंग्लैण्ड – 1975

(C) न्यूज़ीलैंड – 1975

(D) इंग्लैण्ड – 1974

17. 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना किस वर्ष से प्रारम्भ हुआ ?

(A) 2014

(B) 2015

(C) 2016

(D) 2017

18. सेन्ट्रल बैंकिंग अवार्ड 2023 में 'गवर्नर ऑफ द ईयर' पुरस्कार किस देश के सेन्ट्रल बैंक के गवर्नर को प्रदान किया गया था ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) कनाडा

(C) इंडोनेशिया

(D) भारत

19. प्रथम भारतीय महिला सैनिक स्काई-डाइवर कौन है ?

(A) शीतल महाजन राणे

(B) मंजू

(C) अनामिका शर्मा

(D) श्वेता परमार

20. निम्नलिखित में से किस उद्योगपति को 'भारत का इस्पात पुरुष' कहा जाता है ?

(A) लक्ष्मी मित्तल

(B) ओम प्रकाश जिंदल

(C) जमशेद जे. ईरानी

(D) अनिल अग्रवाल

21. चित्रकूट धार्मिक स्थल को किस एक अन्य नाम से भी पहचाना गया ?

(A) जगतपुरी

(B) रामसिया

(C) ब्रह्मपुरी

(D) काकणाय

22. 'मुकुल' किसकी प्रसिद्ध साहित्यिक रचना है ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) भवानी प्रसाद मिश्रा

(C) मुकुटधर पाण्डेय

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

23. ऐतिहासिक मतंगेश्वर मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) उज्जैन

(B) महेश्वर

(C) खजुराहो

(D) विदिशा

24. दीवार पर मिट्टी से बनाई जाने वाली 'नोहडोरा' अलंकरण किस जनजाति की विशेषता है ?

(A) भील

(B) कोरकू

(C) सहरिया

(D) गौंड

**25.** भीमा नायक का संबंध किस रियासत से था ?

(A) मंडला

(B) बड़वानी

(C) किशनगढ़

(D) मुड़ियादो

**26.** जनजाति नेता सीताराम कंवर और रघुनाथ सिंह मंडलोई भिलाला अंग्रेज़ विरोधी क्रांति में कब शामिल हुए थे ?

(A) 1842 ई.

(B) 1857 ई.

(C) 1927 ई.

(D) 1942 ई.

**27.** सागर के आंचलिक क्षेत्रों में दीपावली के अवसर पर कौन-सा लोकनृत्य प्रचलित है ?

(A) मौनी नृत्य

(B) मांडल्या नृत्य

(C) फेफरिया नृत्य

(D) डंडा नृत्य

**28.** 'रामचंद्रिका' किसकी प्रसिद्ध रचना है ?

(A) पद्माकर

(B) भूषण

(C) केशवदास

(D) भवभूति

**29.** स्वतंत्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना-लुहारी गोलीकांड की घटना कब घटित हुई थी ?

(A) 1922

(B) 1931

(C) 1939

(D) 1942

**30.** बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' ने दो काव्य — 'प्राणार्पण' तथा 'आत्मोसर्ग' किस पर लिखे ?

(A) गणेश शंकर विद्यार्थी

(B) जय शंकर प्रसाद

(C) प्रभाकर माचवे

(D) माखनलाल चतुर्वेदी

31. ग्रीन मफलर किस प्रदूषण से सम्बन्धित है ?

(A) मृदा

(B) वायु

(C) ध्वनि

(D) जल

32. पारिस्थितिकी-तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह निम्न से उच्च पोषण (ट्रॉफिक) स्तर पर जाने से कम होता है । इसे निम्नलिखित द्वारा समझा जा सकता है :

(A) ऊष्मागतिकी (थर्मोडायनेमिक्स) के प्रथम नियम द्वारा

(B) ऊष्मागतिकी (थर्मोडायनेमिक्स) के द्वितीय नियम द्वारा

(C) न्यूटन के द्वितीय नियम द्वारा

(D) न्यूटन के तृतीय नियम द्वारा

33. ऑस्टियोक्लास्ट निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित हैं ?

(A) हड्डी का निर्माण

(B) बेसल लैमिना स्रावण

(C) हड्डी टूटना

(D) मांसपेशियों का पुनरुद्भवन (रीजनरेशन)

34. वर्ष 2024 को अंतर्राष्ट्रीय कैमेलिड (उष्ट्रगण) वर्ष किसने घोषित किया ?

(A) यू.एन. (UN)

(B) यूनेस्को (UNESCO)

(C) डब्ल्यू.एच.ओ. (WHO)

(D) सं.रा. अमेरिका (USA)

35. निम्नलिखित में से कौन-सा कृषि पद्धतियों का सही क्रम है ?

(A) मिट्टी तैयार करना – सिंचाई – बुआई – कटाई

(B) मिट्टी तैयार करना – बुआई – सिंचाई – कटाई

(C) बुआई – कटाई – सिंचाई – मिट्टी तैयार करना

(D) मिट्टी तैयार करना – सिंचाई – कटाई – बुआई

36. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का विश्व स्तर पर स्वीकृत राष्ट्रीय 'हॉटस्पाट' ***नहीं*** है ?

(A) हिमालय

(B) नारो हिल्स

(C) सुंडालैंड

(D) पश्चिमी घाट

37. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत सरकार का राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम *नहीं* है ?

(A) राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम

(B) फ्लोरोसिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम

(C) एनीमिया नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल

(D) राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

38. निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे स्थिर पारिस्थितिकी-तंत्र है ?

(A) वन पारिस्थितिकी-तंत्र

(B) रेगिस्तानी पारिस्थिकी-तंत्र

(C) समुद्री पारिस्थितिकी-तंत्र

(D) घास का मैदान पारिस्थितिकी-तंत्र

39. निम्नलिखित में से कौन-सा जैव-निम्नीकरणीय (बायोडिग्रेडेबल) प्रदूषक *नहीं* है ?

(A) कागज़

(B) भोजन एवं पादप अपशिष्ट

(C) कीटनाशक

(D) काष्ठ एवं सेलूलोज़

40. सूर्य के व्यापक अध्ययन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा इसरो का हाल का वैज्ञानिक मिशन है :

(A) आदित्य-एल 1

(B) भास्कर-एल 2

(C) सोलर मिशन-एल 1

(D) सोलर आर्बिटर

41. निम्नलिखित में से किसके द्वारा महाराष्ट्र में 'गणेशोत्सव' प्रारम्भ किया गया था ?

(A) बिपिन चंद्र पाल

(B) गोविन्द रानाडे

(C) लाला लाजपत राय

(D) बाल गंगाधर तिलक

42. राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रथम चरण में कांग्रेस की निम्न में से कौन-सी माँग *नहीं* थी ?

(A) लेजिस्लेटिव कौंसिलों के सदस्यों की संख्या में वृद्धि

(B) कौंसिलों में जनप्रतिनिधियों की संख्या में वृद्धि

(C) कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का पृथक्करण

(D) कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का एकीकरण

43. निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रथम बार 'पाकिस्तान' शब्द का प्रयोग किया गया था ?

(A) मोहम्मद अली जिन्ना

(B) चौधरी रहमत अली

(C) सैयद अहमद खान

(D) मोहम्मद अशफ़ाक़ खान

**44.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में नादिर शाह ने भारत पर आक्रमण किया था ?

(A) 1736 ई.

(B) 1737 ई.

(C) 1738 ई.

(D) 1739 ई.

**45.** शकों पर विजयोपरांत चन्द्रगुप्त II ने निम्न में से किस धातु के सिक्के प्रचलित किए ?

(A) स्वर्ण

(B) चाँदी

(C) ताँबा

(D) काँसा

**46.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में लॉर्ड विलियम बैंटिंक द्वारा प्रेस स्वतंत्रता प्रदान की गई ?

(A) 1832 ई.

(B) 1833 ई.

(C) 1834 ई.

(D) 1835 ई.

**47.** 'आर्यमंजूश्रीमूलकल्प' निम्न में से किससे संबंधित है ?

(A) महायान

(B) हीनयान

(C) थेरवाद

(D) वज्रयान

**48.** निम्नलिखित में से कितनी रियासतें 15 फरवरी 1948 को 'सौराष्ट्र संघ' में मिलाई गईं थीं ?

(A) 220

(B) 221

(C) 222

(D) 223

**49.** वर्ष 1948 में बुंदेलखण्ड एवं बघेलखण्ड को जोड़कर कौन-सा प्रदेश आस्तित्व में आया था ?

(A) मालवा प्रदेश

(B) विंध्य प्रदेश

(C) बघेल प्रदेश

(D) मध्य प्रदेश

**50.** किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी ?

(A) बम्बई

(B) सूरत

(C) कलकत्ता

(D) नागपुर

51. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दायरे में *नहीं* आता है ?
(A) समानता से संबंधित अधिकार
(B) शिक्षा से संबंधित अधिकार
(C) जीवन से सम्बन्धित अधिकार
(D) स्वतंत्रता से सम्बन्धित अधिकार

52. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अतिरिक्त, सदस्यों की कुल संख्या कितनी है ?
(A) 1 सदस्य
(B) 2 सदस्य
(C) 3 सदस्य
(D) 4 सदस्य

53. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) का मुख्यायालय कहाँ स्थित है ?
(A) कोलकाता
(B) नई दिल्ली
(C) मुंबई
(D) चेन्नई

54. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अधिकतम कितने वर्षों के लिए अपना पद धारण कर सकते हैं ?
(A) 4 वर्ष
(B) 5 वर्ष
(C) 6 वर्ष
(D) 7 वर्ष

55. सिविल सेवा परीक्षा की समीक्षा हेतु संघ लोक सेवा आयोग ने जुलाई 2000 में किसकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया ?
(A) प्रोफेसर सुखदेव थोराट
(B) प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव
(C) प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार
(D) प्रोफेसर योगिन्दर कुमार अलघ

56. बारहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?
(A) ए.एम. खुसरो
(B) डॉ. सी. रंगराजन
(C) डॉ. विजय केलकर
(D) वाई.वी. रेड्डी

57. राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्य निर्दिष्ट हैं :
(A) राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 12 में
(B) राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 15 में
(C) राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 में
(D) राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 में

58. निम्नलिखित में भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद लोक सेवा आयोगों के व्यय से संबंधित है ?
(A) अनुच्छेद 320
(B) अनुच्छेद 321
(C) अनुच्छेद 322
(D) अनुच्छेद 323

59. 'योजना आयोग' के स्थान पर एक नई संस्था 'नीति आयोग' का गठन कब किया गया ?
(A) 31 मार्च, 2014
(B) 15 मार्च, 1950
(C) 1 जनवरी, 2015
(D) 11 जनवरी, 2016

60. खाद्य संरक्षण आयोग निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित एक वैधानिक निकाय है ?
(A) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013
(B) खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2011
(C) खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006
(D) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2011

**61.** 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था ?

(A) 4

(B) 6

(C) 14

(D) 20

**62.** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की स्थापना कब हुई थी ?

(A) अप्रैल 1990

(B) जनवरी 1950

(C) अगस्त 1995

(D) मई 2005

**63.** नाबार्ड की स्थापना कब की गई थी ?

(A) 15 अगस्त 1947

(B) 1 अप्रैल 1951

(C) 12 जुलाई 1982

(D) 26 जनवरी 1950

**64.** राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में कौन-से सदस्य शामिल होते हैं ?

(A) संसद के दोनों सदनों के सदस्य

(B) संसद के दोनों सदनों और राज्य विधान सभाओं के सदस्य

(C) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य

(D) इनमें से कोई नहीं

**65.** राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों की व्याख्या भारतीय संविधान के पार्ट IV-क में की गई है । यह व्यवस्था किस देश के संविधान से ली गई है ?

(A) ब्रिटेन

(B) दक्षिण अफ्रीका

(C) सं.रा. अमेरिका

(D) आयरलैण्ड

**66.** संसद का निर्माण निम्नलिखित में से किनके द्वारा होता है ?

(A) राज्य सभा और लोक सभा

(B) लोक सभा और राष्ट्रपति

(C) लोक सभा, राज्य सभा और राष्ट्रपति

(D) प्रधान मंत्री, लोक सभा और राज्य सभा

67. शिक्षा का अधिकार किस संविधान संशोधन द्वारा मौलिक अधिकार में शामिल किया गया ?

(A) पहला संविधान संशोधन

(B) बयालीसवाँ संविधान संशोधन

(C) चवालीसवाँ संविधान संशोधन

(D) छियासीवाँ संविधान संशोधन - 86 वाँ - 2 Dec 2002

~68. अनुच्छेद 51-क मौलिक कर्तव्य की व्याख्या करता है । फिलहाल कितने मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है ?

(A) 10

(B) 11

(C) 12

(D) 15

~69. किस संविधान संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द जोड़ा गया था ?

(A) पहला संविधान संशोधन

(B) दूसरा संविधान संशोधन

(C) बयालीसवाँ संविधान संशोधन

(D) चवालीसवाँ संविधान संशोधन

70. संविधान सभा का निर्माण किस योजना के तहत किया गया था ?

(A) क्रिप्स मिशन योजना

(B) कैबिनेट मिशन योजना - 3 Nov 1946

(C) साइमन कमीशन

(D) इनमें से कोई नहीं

~71. निम्नलिखित युग्मों का मिलान करते हुए सही कूट की पहचान कीजिए ।

| | *जैव आरक्षित क्षेत्र* | | *राज्य* |
|---|---|---|---|
| 1. | नोकरेक | a. | ओडिशा |
| 2. | मानस | b. | मेघालय |
| 3. | सिमलीपाल | c. | आंध्र प्रदेश |
| 4. | शेषाचलम | d. | असम |

**कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | b | d | a | c |
| (B) | b | a | d | c |
| (C) | b | d | c | a |
| (D) | d | b | a | c |

~72. भूमिगत ताप के उपयोग का प्रथम सफल प्रयास कहाँ किया गया ?

(A) बोइज़े, इडाहो (यू.एस.ए.)

(B) तेल अवीव, इज़राइल

(C) टोक्यो, जापान

(D) केनबरा, ऑस्ट्रेलिया

~73. निम्नलिखित में से किसे 'मोलेसिस बेसिन' भी कहा जाता है ?

(A) मणिपुर

(B) त्रिपुरा

(C) मिजोरम

(D) नागालैण्ड

74. टाटीपाका तेल रिफाइनरी कहाँ स्थित है ?

(A) तमिलनाडु

(B) गुजरात

(C) आंध्र प्रदेश

(D) महाराष्ट्र

75. निम्नलिखित सागरों में से कौन-सा 'गाज़ा स्ट्रिप' के पास स्थित है ?

(A) भूमध्य सागर

(B) लाल सागर

(C) काला सागर

(D) कैस्पियन सागर

76. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए :

| | *स्थान* | | *राज्य* |
|---|---|---|---|
| 1. | बैलाडिला | a. | ओडिशा |
| 2. | केन्दुझर | b. | कर्नाटक |
| 3. | बालाघाट | c. | छत्तीसगढ़ |
| 4. | कुद्रेमुख | d. | मध्य प्रदेश |

**कूट :**

| | **1** | **2** | **3** | **4** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | b | c | d |
| (B) | c | a | d | b |
| (C) | c | a | b | d |
| (D) | a | c | d | b |

77. निम्नलिखित में से पटल विरूपण प्रक्रिया के अन्तर्गत कौन-सी प्रक्रिया ***नहीं*** आती है ?

(A) पर्वतनी

(B) विषमांगी

(C) भूकम्प

(D) प्लेट विवर्तनिकी

78. राज्यों के अधिकतम से न्यूनतम साक्षरतानुसार सही क्रम को इंगित कीजिए । (भारतीय जनगणना 2011 अनुसार)

(A) केरल, मिजोरम, त्रिपुरा, गोवा

(B) केरल, त्रिपुरा, मिजोरम, गोवा

(C) केरल, गोवा, त्रिपुरा, मिजोरम

(D) केरल, मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा

79. नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली इनमें से कौन-सी नदी है ?

(A) शेत्रुंजी

(B) भद्रा

(C) ढाढर

(D) वैतरणा

80. निम्नलिखित में से कौन-सी वायुमण्डलीय परत जलवायु और मौसम में सभी परिवर्तनों के लिए जानी जाती है ?

(A) बाह्य वायुमंडल

(B) समतापमंडल

(C) मध्यमंडल

(D) क्षोभमंडल

**81.** निम्नलिखित में से कौन-सा थर्मल पावर स्टेशन अनूपपुर जिले के चचाई में स्थित है ?

(A) सतपुड़ा पावर स्टेशन

(B) अमरकंटक पावर स्टेशन

(C) बाणसागर पावर स्टेशन

(D) इनमें से कोई नहीं

**82.** वर्ष 2020 – 21 में मध्य प्रदेश में कपास उत्पादन में निम्नलिखित में से कौन-सा जिला प्रथम स्थान पर था ?

(A) दमोह

(B) खरगौन

(C) मंडला

(D) पन्ना

**83.** बुनियादी सड़क सांख्यिकी वर्ष 2018 – 19 के अनुसार मध्य प्रदेश के सड़क मार्गों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई 8,000 कि.मी. से अधिक है ।

(B) राज्य राजमार्ग की लम्बाई 11,000 कि.मी. से अधिक है ।

(C) जिला सड़क मार्ग की लम्बाई 50,000 कि.मी. से अधिक है ।

(D) सड़क घनत्व में यह राज्य देश में प्रथम स्थान पर है ।

**84.** वर्ष 2021 – 22 में भारत में ताँबा उत्पादन में मध्य प्रदेश किस स्थान पर था ?

(A) चतुर्थ

(B) द्वितीय

(C) प्रथम

(D) तृतीय

**85.** निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश की कौन-सी नदी तीन राज्यों में प्रवाहित होती है ?

(A) केन

(B) सोनार

(C) माही

(D) बेतवा

**86.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता मध्य प्रदेश की काली मिट्टी के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(A) काली मिट्टी को कपास की मिट्टी के रूप में भी जाना जाता है ।

(B) इसमें नमी धारण करने की क्षमता अधिक होती है ।

(C) काली मिट्टी में रेत की मात्रा अधिक होती है ।

(D) इसकी संरचना गांठदार लेकिन कभी-कभी भुरभुरी होती है ।

87. पूर्णा नदी निम्नलिखित में से किसकी सहायक नदी है ?

(A) नर्मदा

(B) ताप्ती

(C) सोनार

(D) धसान

88. मध्य प्रदेश की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(A) मध्य प्रदेश की जलवायु उष्णकटिबंधीय है ।

(B) यह राज्य मानसूनी जलवायु के अन्तर्गत आता है ।

(C) राज्य के दक्षिण भाग में शीतोष्ण-कटिबंधीय जलवायु पाई जाती है ।

(D) कर्क रेखा इसके मध्य भाग से निकलती है ।

89. मध्य प्रदेश में किस प्रकार के वन *नहीं* पाए जाते हैं ?

(A) उष्णकटिबंधीय आर्द्र पतझड़ वन

(B) उप-आर्द्र पहाड़ी वन

(C) कांटेदार वन

(D) अल्पाइन वन

90. बीजागढ़ की पहाड़ी निम्नलिखित में से किस पर्वत श्रेणी में स्थित है ?

(A) सतपुड़ा श्रेणी

(B) विन्ध्याचल श्रेणी

(C) कैमूर श्रेणी

(D) महादेव श्रेणी

91. टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का उद्देश्य क्या है ?

(A) आदिवासी महिलाओं को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करना

(B) अनूसूचित जनजाति के बीपीएल श्रेणी के लाभार्थियों को नए उद्योगों/व्यवसायों के लिए कम लागत वाले उपकरण और कार्यशील पूँजी की आपूर्ति करना

(C) आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी ढ़ाँचे के विकास का वित्तपोषण करना

(D) आदिवासी युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देना

92. मध्य प्रदेश के किस शहर में ट्रांसफॉर्मर और संबद्ध उत्पादों के उत्पादन के लिए समर्पित क्लस्टर है ?

(A) इंदौर

(B) ग्वालियर

(C) भोपाल

(D) जबलपुर

93. व्यवसाय सुधार कार्य योजना (बिज़नेस रिफॉर्म एक्शन प्लान) 2020 के लिए राज्यों के मूल्यांकन में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन कैसा रहा ?

(A) मध्य प्रदेश को 'अंडर अचीवर्स' का दर्जा दिया गया था

(B) मध्य प्रदेश को 'टॉप अचीवर्स' का दर्जा दिया गया था

(C) मूल्यांकन में मध्य प्रदेश को रेटिंग नहीं दी गई

(D) मध्य प्रदेश को 'अचीवर्स' का दर्जा दिया गया

94. मध्य प्रदेश के निम्नलिखित जिलों को 2011 की जनगणना के अनुसार उनकी दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर (2001 – 2011) के क्रम में निम्नतम से उच्चतम तक व्यवस्थित करें :

(A) अनूपपुर, मंदसौर, बैतूल, छिंदवाड़ा

(B) अनूपपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, मंदसौर

(C) बैतूल, छिंदवाड़ा, मंदसौर, अनूपपुर

(D) बैतूल, अनूपपुर, छिंदवाड़ा, मंदसौर

95. मध्य प्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग रपोर्ट (2023) के अनुसार मध्य प्रदेश के किस जिंले में बहुआयामी गरीबी में सबसे अधिक सुधार देखा गया ?

(A) बड़वानी

(B) खण्डवा

(C) बालाघाट

(D) अलीराजपुर

96. भारत में स्थानीय स्वशासन के जनक कौन थे ?

(A) लॉर्ड डलहौजी

(B) लॉर्ड माउंटबैटन

(C) लॉर्ड मैकॉले

(D) लॉर्ड रिपन

97. भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा नगरपालिका कानूनों को अद्यतन बना दिया गया है ?

(A) 71

(B) 72

(C) 74

(D) 73

98. निम्नलिखित में से कौन मध्य प्रदेश विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे ?

(A) भगवंतराव मंडलोई

(B) द्वारका प्रसाद मिश्रा

(C) शंकर दयाल शर्मा

(D) पंडित कुंजीलाल दुबे

99. कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, इसका निर्णय राज्य में कौन करता है ?

(A) मुख्य मंत्री

(B) राज्यपाल

(C) विधान सभा का अध्यक्ष

(D) विधि मंत्री

100. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की अधिकतम आयु सीमा कितनी है ?

(A) 60 वर्ष

(B) 62 वर्ष

(C) 58 वर्ष

(D) 56 वर्ष